CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि०— (मन में) अहा! अब यह प्रेम पूर्ण हो गया जो दोनों तरफ अनुराग बढ़ा रहा है। सच ही है–

प्रेम में व्याकुल प्रेमीजन जब तक अपनी प्रेयसी के हृदय कमल की अनुराग व्यथा को जान नहीं लेते तब उन्हें सुख नहीं मिलता। जब प्रिया के हृदयस्थ प्रेम भाव का ज्ञान उन्हें हो जाता है तो वे दूने प्रसन्न हो जाते हैं। सच है द्वैत में यदि अद्वैत सुलभ हो जाय तो कौन संसार में ऐसा है जो सुखी न हो जाय।।९।।

तो प्रिया की प्रियसखी के आगमन की प्रतीक्षा करता हूँ। (इसके बाद हाथ जोड़कर प्रार्थना करती हुई चंचला प्रवेश करती है)

चंचला— हे देव! संसार में हर व्यक्ति अपने स्वभावानुकूल आचरण करता है। फिर भी आप संसार के प्रभु हैं? तो मेरी प्रिय सखी के जीवन एवं प्यार की रक्षा करो। (प्रणाम करती है)

(नेपथ्य से)

हे बालिके! मैं तुम्हारी सखी की मनोकामना को जानता हूँ। यह विनोदपूर्ण संयोग मेरी ही इच्छा से हुआ। यदि वह अकेली यहाँ शीघ्र ही आयेगी तो वह मेरी शरण में ही अपने प्रिय को पायेगी।।१०।।

(सुनकर हर्षित होकर) विभो! मेरी सखी को आपने कृतार्थ कर दिया। मुझे आज्ञा दें, मैं उसे बता दूँ। (निकल जाती है। इसके बाद कुछ भयभीत, कुछ लज्जित, श्रद्धा से युक्त प्रेरणा प्रवेश करती है)

प्रेरणा— भगवन् महेश्वर! देवि पार्वती। क्या कहूँ? लज्जा से मेरी तो वाणी ही प्रार्थना में प्रवृत्त नहीं हो पा रही है। आप लोग तो सबके हृदय में रहते हैं तो प्रार्थना करने से क्या। फिर भी माँगती हूँ।

(निखिल भुवन वन्द्य इत्यादि पद पुनः पढ़ती है। कवि शेखर अपने हाथ से उसके सिर पर पुष्प वर्षा करता है। पुष्प वर्षण देखकर एक भौंह ऊँची करके वहाँ कविशेखर को देखकर घबराई हुई प्रेरणा स्वयं उठना चाहती है। कविशेखर बाँह पकड़ कर उसे उठाता है)

कवि०— सुमुखि! तुम्हारी प्रार्थना सफल हुई। हमारे मनोरथ भगवान् चन्द्रशेखर की कृपा से पूर्ण हुए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैं तो वैकुण्ठ को जा रहा था किन्तु हे सरले! बीच मार्ग में ही शिवजी के प्रसाद की तरह मीठी तुम मुझे सर्वार्थसिद्धि देने वाली के रूप में मिल गयी हो। मुझे लगता है कि करुणावतार शिव की कृपा से ही हमारा संगम हुआ है। तो आओ हम दोनों मिल कर शिव जी की समर्चा करें।।११।।

(धीरे से उसे आलिंगन करना चाहता है)

प्रेरणा– (रोकती हुई) आर्य! आर्यपुत्र! विनय की रक्षा करिये।

कवि॰– मैंने क्या उद्दण्डता की प्रिये?

काम की व्याधिरूपी ग्रीष्मऋतु के ताप से तप्त सूखे इन अधरों पर अमृत द्रव सींचने के इस क्षण में (चुम्बन के समय) यदि तुम इस तरह का व्यवहार करोगी तो मेरी जीवन रूपी आशा लता निश्चय हीं सूख जायेगी। हे शुभे! तुम्हीं कहो इस संसार में अमृत से वर्जित होकर कौन जीवित रह सकता है।।१२।।

(अपनी हथेली से उसका मुँह ढाँपकर)

प्रेरणा– प्राण! ऐसा न कहो। अब तो सब कुछ तुम्हारे लिये है फिर भी पुराने संस्कारों के कारण तथा देवता के सन्निधान के भय से मेरा मन काँपता है। देखो–

तुम्हारे प्रणय पाश का आश्रय लेने की इच्छा तो है फिर भी मेरा मन विकल होकर काँप रहा है। चन्द्रमा को देखकर अचानक प्रणयी चकोर क्यों उत्सुक हो उठता है? प्रियतम मैं नहीं जानती इसका कारण क्या है?।१३।।

कवि॰– प्रिये! तरंगित समुद्र में ही रत्न उछलते हैं; शान्त होने पर तो कहीं अतल गहराई में खो जाते हैं–

तरंगित समुद्र में तो रत्नों के समूह स्वयं तट पर आ जाते हैं जैसे खुशी में मुट्ठी भर भर कर फैंके गये धन की तरह हों।।१४।।

(धीरे से प्रेरणा का हाथ हाथ में लेकर बाहर लाकर शिलातल पर बिठाकर) प्रेरणे! यह अनुराग भी विचित्र है जो आँख मिलते ही जीवन को संकट में डाल देता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रेरणा– (निःश्वास लेकर) प्रियतम! आप ठीक कहते हैं। जिस दिन से आप मेरी आँखों में आये हैं जल से निकाली गई मछली की तरह मेरी दशा हो गई। न जाने कैसे आप मेरे हृदय में समा गये।

कवि०– (हँसकर) प्रिये झूठ बोल रही हो?

प्रेरणा– (भयभीत होकर) झूठ बोल रही हूँ। कैसे?

कवि०– देखो–

हे सुतनु! मुझे आश्वासन देने के लिये इस क्षण जो तुम व्यर्थ में ही कह रही हो कि मैं प्यार से भरा हुआ सदैव तुम्हारे हृदय कमल में निवास करता हूँ। (वह ठीक नहीं हैं) क्योंकि जहाँ (स्तनों की) सघनता के कारण एक पतले से डोरे को भी प्रवेश करने के लिये स्थान नहीं है वहीं पर तुम्हारे सुन्दर कुचकलशों के मध्य मैं भला कैसे रह सकता हूँ।।१५।।

(प्रेरणा लाल मुख करके प्यार के गुस्से से उसकी भर्त्सना करती हैं। कविशेखर हाथ पकड़ना चाहता है तब तक सखियाँ आती हैं)

कवि०– (देखकर) आप दोनों का स्वागत है।

सखियाँ– आर्य! आपको नमस्कार है।

कवि०– नमस्कार देवियो! यह आसन है।

(दोनों बैठ जाती हैं)

अपरा०– आर्य! आप यहाँ कब आये?

चंचला– आर्य तो रात को भी यहीं थे ऐसा मेरा अनुमान है क्योंकि प्रेम से लाल आँखें रात के जागरण से लाल हैं यही प्रमाण है।

अपरा०– चंचला! क्यों आर्य की हँसी उड़ाती है?

चंचला– क्षमा करो। मैंने मजाक नहीं किया। लेकिन मैंने आर्य को आते नहीं देखा तो आर्य आकाशमार्ग से ही आये होंगे ऐसा मानती हूँ। क्यों आर्य?

(कविशेखर कुछ लज्जित होता है)

कवि०– देवि! प्रिय सखी चंचला सब जानती है। यहाँ अब कुछ गोपनीय नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपरा– यह हमारी प्रियसखी प्रेरणा स्वभाव से सुकुमार है इसकी हर तरह से रक्षा कीजियेगा।

कवि०– मैं क्या कहूँ देवि! यह तुम्हारी प्रिय सखी मेरा द्वितीय हृदय है। यह तो कवि की कामायनी है- देखो!

इसके नेत्रों में रमणीय कमलों की रेखा है, और भौहों में धनुषे की लकीरें खिंची हैं, नाक में स्थिर होकर रत्न से जड़ा कोई तोता बैठा है जो बिम्ब फल जैसे अधरों के ठीक ऊपर है। मोतियों जैसी दाँतों की शोभा है और स्वर्ण के कुण्डल इसके कानों की सेवा कर रहे हैं। सारे उपवन को रमणीय बना देने वाली कामदेव के लिये भी मधुर यह कोई कामायनी ही आई है।।१६।।

और भी--

इसके शरीररूपी भवन के मंगलमय द्वारदेश पर सुन्दर भुजलतायें पल्लव के समान शोभायमान हैं। रेशमी आँचल में लिपटे स्तनकलश भुजारूपी स्तम्भों से सटकर कलश की भाँति विराज रहे हैं। मध्य भाग कामदेव के आँगन की भाँति ऐसी सुन्दर कला धारण कर रहा है मानों कामदेव का स्वस्तिक हो। यह तो नवीन भव्य एवं अतिदिव्य, प्रतिक्षण मधुरता से भरी कोई कामायनी ही है।।१७।।

चंचला– तो अर्थ सहित इस कामायनी को आप पढ़िये। अपराजिते आओ! हम दोनों चलें।

प्रेरणा– सखियो! कहाँ जाती हो। यहाँ मैं अकेली हूँ।

अपरा०– कहाँ हो अकेली। प्रियतम तो साथ हैं। हमें क्यों रोक रही हो?

चंचला– कहीं मेरी तरह मेरी सखियाँ भी शिवजी के पास से अपने प्रियतम न पा जाँय यही सोचकर मना कर रही हैं हमें जाने को। (इस प्रकार हँसती हुई निकल जाती है। प्रेरणा भी जाना चाहती है किन्तु कविशेखर हाथ पकड़कर उसे बैठा लेता है।)

कवि०– देवि! बुखार से तप रही हो। इस समय जाने योग्य नहीं हो। ग्रीष्म के ताप से भी अधिक यह काम का सन्ताप होता है--

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गर्मी का तीव्र ताप तो छाया से शान्त हो जाता है किन्तु काम का सन्ताप तो छाया में और भी अधिक बढ़ जाता है। हिमालय में आने वाले के लिये तो ग्रीष्म का सन्ताप लुप्त हो जाता है किन्तु काम के सन्ताप से पीडित लोग तो यहाँ भी शान्ति नहीं पाते।।१८।।

इसलिये कुछ देर के लिये इसी भोज वृक्ष की घनी शाखाओं की छाया से तथा झरने के जल कणों से ठण्डी चट्टान पर लेट लो प्रिये!

प्रेरणा– हृदयवल्लभ! क्षणभर के परिचय में ही हमारा प्यार खत्म न हो जाय। न जाने क्यों प्राणों को ऐसा विश्वास हो रहा है कि हमारा यह अनुराग जन्मान्तरीय है।

कवि०– प्रिये! सच कहती हो देखो–

प्रिये! यह जो तुम मेरे लिये इतना दुःख का भार उठा रही हो और मुझे केवल एक बार देख कर ही यह हुआ है वह निश्चय ही जन्मान्तरीय प्रेम का फल है। हे शुभानने! इसमें अन्य कोई कारण नहीं है।।१९।।

प्रेरणा– प्रियतम! यह जीवन तुम्हारे बिना रहेगा नहीं। यद्यपि मैंने पहले कभी यह व्याधि नहीं भोगी तथापि अब मुझे लगता है कि प्रियतम की बाँहों का तकिया लगाये बिना अब तक मैंने जीवन कैसे बिताया? देखो–

अपनी सहेलियों को उनके प्रियतम के संग देखकर के, तथा लताओं के आलिंगन में कसे वृक्षों को देखकर एकान्त में और सखियों के साथ में मैंने जो भी सोचा था वह सब तुम्हारी बाँहों के साये में मैं प्राप्त कर रही हूँ।।२०।।

कवि०– (बाँहें फैलाकर) मेरी प्राणेश्वरी आओ। अपने इस प्रेम पुजारी को कृतार्थ करो–

हे सुतनु! अपने घने आलिंगन से हृदय में प्रीति का बीज बोओ। अपने अधरों का अमृत देकर इस अंकुर को सींचो अपनी बाँहों के घेरे से प्रिये! इस पौधे का आलवाल बनाओ ताकि हे मधुरे! हमारे इस कल्पवृक्ष पर प्रेमानन्द का फल उग सके।।२१।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नेपथ्य से)

अरे! मित्र कविशेखर! कहाँ हो। उत्तर दो।

कवि०– (सुनकर) अरे! यह असमय में मेरा मित्र वृत्तोदर कहाँ से आ टपका? क्या बात है? वृत्तोदर! मित्र! मैं यहाँ हूँ।

वृत्तोदर– क्या बात है। जाने का समय बीत रहा है। सारे यात्री तुम्हें ही ढूँढ रहे हैं। एक और बात यह है कि कोई अपने कुलजनों के समूह से निकली हुई हिरनी किसी कस्तूरी मृग का अनुसरण करती हुई घने वन में चली गई है। उसके परिवारी जन उसको ढूँढने में इधर-उधर घूम रहे है। तुम जल्दी ही दर्शन पूजन से निपटो।

कवि०– (सुनकर) प्रिये! लगता है परिजन तुम्हें ही खोज रहे हैं।

प्रेरणा– (घबराहट से) प्राणेश! क्षमा करना। तुम्हें प्यासा ही छोड़कर जा रही हूँ। पर मेरा हृदय तो यहीं तुम्हारे पास है।

कवि०– (जल्दी से पास जाकर) प्रियतमे! ऐसा नहीं। तपी हुई धातु ही देव प्रतिमा का निर्माण करती है। तपने पर ही ग्रीष्म ऋतु में फल पकते है। तो वियोग से तपे हमारे तुम्हारे हृदय क्षेत्र में समय आने पर पुनः कल्पवृक्ष प्रकट होगा।

प्रेरणा– (हाथ हिलाकर विदा देती हुई) तुम्हें फिर मिलने के लिये आमन्त्रण देती हूँ।

कवि०– मैं भी प्रिये!

(निकल जाते हैं)

द्वितीय अंक समाप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तृतीय अंक

अपरा०– (प्रवेश करके) यह कैसी विपत्ति आ गई। हिमालय की शीतलता का अनुभव करने के लिये, शान्ति पाने के लिये, और भगवान् बदरीश के दर्शन के लिये की गयी इस यात्रा में प्रियसखी प्रेरणा ने तो आग का व्यापार कर लिया। तीन दिन से न वह खाती है न सोती है। केवल उसी कवि श्रेष्ठ का चिन्तन करती हुई सूनी दृष्टि से मुझे और चंचला को देखती रहती है। (दूसरी तरफ जाकर) हाय! विधाता की निष्ठुरता क्या कहूँ जो कमलिनी को कीचड़ में खिलाती है, चन्द्रमा की कला को कलंक से दूषित बनाती है, मणि को कठोरता देती है वही हिमालय में ऐसी अनुराग की आग भी पैदा करती है जिसके परिताप से मेरी प्रिय सखी मरी जा रही है। और इधर दो दिन से वर्षाकाल के आरम्भ का वर्षण भी शुरू हो गया है जो प्रेमियों के लिये घाव पर नमक की भाँति होता है। न जाने विधाता क्या करना चाहता है? सच है देवता हमेशा ही दुर्निवार होते हैं। (उन्हें कोई रोक नहीं सकता)

चंचला– (प्रवेश करके) अनर्थ है! अनर्थ है!

अपरा०– (सुनकर) क्या अनर्थ हो गया? चंचले! क्या अनर्थ हो गया?

चंचला– भाग्य ने सब काम उल्टा ही कर दिया।

अपरा०– क्या उल्टा कर दिया भाग्य ने? कहो तो प्रिय सखी।

क्या ठीक दोपहर में ही सोने सी चमकती किरणों ने सूर्य का साथ छोड़ दिया? क्या आधी रात को ही नभ से पूर्ण चन्द्र का लोप हो गया? क्या शेष नाग ने धरती के भार को धारण करने वाला अपना धैर्य छोड़ दिया जो तुम विकल होकर चिल्ला रही हो। संसार में क्या अनर्थ हो गया? ।१।।

चंचला– सुनो प्रियसखी! जोशीमठ से आये हुए हम लोगों को आज चौथा दिन है।

अपरा०– हाँ!

चंचला– तीन दिन से उस प्रिय सखी प्रेरणा ने कुछ भी ग्रहण नहीं किया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

अपरा०– जानती हूँ। फिर नया क्या समाचार है।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चंचला– अभी माता के समझाने से किसी तरह औषधि लेने को उठी तो–

अपरा०– तब?

चंचला– तब अचानक ही बेहोश होकर टूटी हुई माला की तरह भूमि पर गिर पड़ी!

अपरा०– हाय कष्ट है! कष्ट है!

चंचला– वह अब बहुत आगे जा चुकी है और काल की दूरी सहने में सर्वथा असमर्थ है।

अपरा०– तो हम लोगों को क्या करना चाहिये?

चंचला– करने योग्य तो सारा काम दवादारू का कर ही दिया है किन्तु यह व्याधि तो औषधि से दूर नहीं होती।

अपरा०– सच है। तब?

चंचला– मैंने सुना था वैद्य जी माता से कह रहे थे कि कोई खास बात नहीं है पर इसके विवाह में शीघ्रता करनी चाहिये।

अपरा०– तो माता ने क्या कहा?

चंचला– उन्होंने कहा कि जल्दी ही यहाँ से लौटकर इसका वाग्दान हम कर देंगे।

अपरा०– हाय! कष्ट है। यह और भी बड़ा कष्ट आ पड़ा–

गरीबी में क्या निश्चय ही तीव्र भूख नहीं बढ़ जाती (अर्थात् बढ़ जाती है) मरुस्थल में ही बड़ी तीखी क्रूर प्यास दुःखी करती है। चोट लगे स्थान पर बार-बार आघात लगते ही हैं। उस करुणाहीन विधाता को धिक्कार है जो रोज मरे को ही मारता रहता है।।२।।

चंचला– इसके पिता ने कहा कि अगले महीने इसका वाग्दान कर दूँगा।

अपरा०– क्या यह सब प्रिय सखी ने सुन लिया?

चंचला– नहीं! वह तो मूर्च्छित थी।

अपरा०– सखी! ठीक हुआ जो उसने नहीं सुना अन्यथा वह निश्चय ही प्राण त्याग देती। अब तो जल्दी ही किसी उपाय से उन कवि श्रेष्ठ को ढूँढना चाहिये।

चंचला– ऐसा ही है सखि!

संसार में प्यास सदा पवित्र शीतल जल से ही बुझाई जाती है। ग्रीष्म

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋतु का सन्ताप नवीन जलधाराओं से बुझाया जाता है, शक्तिशाली औषधि ही रोग को दूर करने में समर्थ होती है। सखि! तुम्हीं कहो प्रियतम की प्राप्ति के बिना इसका हित भला कैसे हो सकता है।।३।।

अपरा०– कदाचित् वह भी बदरीनाथ में आ गये हों। क्योंकि उन्होंने कहा था कि मैं बदरी वन के लिये ही निकला हूँ। तो जल्दी ही उन महाशय को ढूँढना चाहिये। मैं भी तब तक गंगाजल, दूर्वा, और प्रसाद लेकर प्रिय सखी की सेवा के लिये जाती हूँ। (निकल जाती है)

चंचला– (निकल कर) मैं उस महाभाग को कहाँ पाऊँ?
(अचानक वृत्तोदर को देखकर प्रफुल्ल होकर) अरे आर्य! वृत्तोदर! आर्य वृत्तोदर! (बुलाती है)

वृत्तोदर– यह कौन मुझे बुला रही है? (इधर-उधर देखकर)

चंचला– आर्य वृत्तोदर! यह मैं चंचला हूँ।

वृत्तोदर– चंचला (बिजली) हो तो बादलों के साथ विहरण करो मुझे क्यों बुला रही हो?

चंचला– आपके मित्र महाशय कहाँ है?

वृत्तोदर– अरे किसका मित्र? ऐसा आचरण तो शत्रु भी नहीं करते।

चंचला– उन महानुभाव ने क्या किया?

वृत्तोदर– क्या किया यह पूछती हो? क्या नहीं किया-यह पूछो?

चंचला– (हँसकर) तो क्या नहीं किया यही बताओ महोदय!

वृत्तोदर– मेरा मित्र पागल हो गया है। अपने को बड़ा पढ़ा लिखा मानता है लेकिन इसने पढ़ा नहीं कि पर्वत दूर से ही रमणीय होते हैं। और ठंडक पाने के लिये हिमालय आने से पहले नैयायिकों के वचन का स्मरण नहीं किया कि जहाँ-जहाँ धुँआ होता है वहाँ आग होती है पर्वत पर आग है धुँआ होने से। अत: यहाँ आकर किसी प्रेरणा नाम वाली अग्निशिखा को पा लिया। उसी की प्रतीक्षा में तीन दिन से यहीं पर लोभी भालू की तरह से चक्कर काट रहा है।

चंचला– तो आर्य वे इस समय कहाँ हैं?

वृत्तोदर– वहीं भगवान् बदरीनाथ के मन्दिर में स्थित शंकराचार्य पीठ के किसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोने में बैठे होंगे ऐसा अनुमान है।

चंचला– अरे महोदय! इस सूचना के द्वारा अनुगृहीत हुई। (निकल जाती है)

(फिर किसी प्रौढ वय वाले पुरुष से बात करता हुआ कविशेखर प्रवेश करता है।)

कवि०– आप कहिये। मैं आपके लिये क्या करूँ।

पुरुष– विप्रवर! आपकी विशेष आकृति ही आपके महानुभाव होने को प्रकट कर रही है। मैं तो आपका आशीर्वाद ही चाहता हूँ।

कवि०– आशीर्वचन तो सिद्ध लोग देते है मेरे जैसे लोग नहीं–

जो वैराग्य की विभूति से युक्त हैं, जो वनों में निरन्तर तपश्चर्या कर रहे हैं जो दीनों पर दया करते हैं वे ही शुभाशीर्वाद से पृथ्वी को पवित्र करते हैं।।४।।

पुरुष– बहुत अच्छा! आचार्य जी। बहुत अच्छा। आपकी वाणी का यही वैशिष्ट्य तो मुझे बार-बार खींचता है। मैं दु:खी हूँ आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ?

कवि०– आप पूछिये?

पुरुष– (एक कागज फैलाकर) यह मेरी कन्या की जन्मपत्री है। उसके विवाह की सारी तैयारी कर ली है। वर भी मिल गया है केवल विवाह होना ही शेष है किन्तु तीन दिन से वह बड़ी बीमार सी है। उसके कष्ट से दु:खी हो रहा हूँ।

कवि०– (पत्रिका पढ़कर) ग्रहों की कुटिलता के प्रबल होने से यह कन्या विवाह तो करेगी पर आत्मसन्तुष्टि नहीं होगी। इस समय की व्यथा भी ग्रहकष्ट के कारण ही है।

पुरुष– इसका कोई उपचार है?

कवि०– भगवान् शिव की पूजा करो। वही सब को शान्ति देने वाले हैं–

ललाट पर ग्रहों की लिखी कठोर भाषा को मिटाने में संसार में कोई समर्थ नहीं होता। सारे संसार की रक्षा करने वाले शंकर जी यदि प्रसन्न हों तो वे ललाट पर लिखे हुए को भी मिटाने में समर्थ हैं।।५।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुरुष– आचार्य ने सर्वथा उचित ही कहा। आचार्य जी! मेरी एक प्रार्थना है कि शिवजी का आराधन आपके ही सान्निध्य में हो।?

चंचला– (प्रवेश करके) अरे! मालिक! आप यहाँ बैठे हैं। वहाँ आपकी बालिका की दशा शोचनीय हो रही है।

(कविशेखर चंचला को वहां देखकर कुछ पूछना चाहता है चंचला इशारे से मना करती हैं।)

पुरुष– क्या कहती हो चंचला। मैं तो उसके अमंगल को शान्त करने के लिये इन तपस्वी ब्राह्मण को जन्मपत्री दिखाने आया था। (कविशेखर की ओर मुख करके) आचार्य! आप इसके साथ मेरे आवास स्थान पर पधारिये। मैं भी पूजा की सामग्री लेकर जल्दी ही आता हूँ। (निवेदन करके निकल जाता है।)

कवि०– चंचला। क्या हुआ? ये महानुभाव कौन हैं?

चंचला– प्रेरणा के पिता जी हैं ये। कविवर! आपने मेरी प्रिय सखी को महान् कष्ट में डाल दिया।

कवि०– दुःख है। मुझे दुःख है। मुझे क्षमा करो देवि।

चंचला– क्षमा से काम कैसे चलेगा। कविवर्य्य, जल्दी आइये।

(दोनों निकल जाते हैं)

(फिर सखी के साथ शैय्या पर बैठी नेत्र मूँदे प्रेरणा प्रवेश करती है)

अपरा०– सखी। हथेलियाँ सहलाने से कुछ आराम मिल रहा है तुम्हें?

चंचला– सखी! थोड़ा बहुत। पर इस ताप की शान्ति नहीं हो रही।

अपरा०– जानती हूँ सखी जानती हूँ। चंचला तुम्हारी दवा ढूँढ़ने ही गई है।

प्रेरणा– सखी!

जिस करपल्लव ने अपनी काँपती हुइ अँगुलियों के द्वारा मुझे अपरिमित असीम सुखानुभूति प्रदान की थी प्रिय के उसी हाथ की स्मृति वियोग में मुझे दिन रात जलाती है; क्या प्रेम में अमृत भी विष में बदल जाता है? ।६ ।।

अपरा०– सखि मैं नहीं जानती।

प्रेरणा– मेरे हृदय पर अपना हाथ रख दो। मुझे लग रहा है कि जल्दी ही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब मेरे प्राण उड़ जायेंगे। (रोने लगती है)

अपरा०— (रोती हुई) सखी। सखी! धैर्य धारण करो। (अपरा अपना हाथ उसके वक्ष पर रखती है। प्रेरणा आँखें मूँद लेती है। फिर चंचला के साथ कविशेखर प्रवेश करता है। वह संकेत से अपराजिता को हटाकर स्वयं अपने हाथ से प्रेरणा के आँसू पोंछता है।)

प्रेरणा— (आँखे मूँदे हुए ही उसके हाथ को गाल पर पकड़े हुये) सखी! अपराजिते! मेरे आँसू मत पोंछो। रो लेने से वेदना सहन करने योग्य हो जाती है।

आँखें बन्द करके और चित्त के पूरे मनोयोग से कल्पना के द्वारा हृदय में प्रियतम की मूर्ति बना कर मैं बारबार पूजती हूँ। और मोती के समान इन आँसू की बूँदों से बनी इस माला को रचकर अपने प्रिय को समर्पित कर रही हूँ।।७।।

(कविशेखर के भी आँसू निकल आते हैं)

प्रेरणा— (अपने गाल पर आँसू की बूँद गिरती देख कर आँख खोलती है। फिर हड़बड़ाहट के साथ) अरे! अरे! आर्यपुत्र! प्राणेश्वर!

कवि०— जीवितेश्वरी!

प्रिये! तुम्हारी ये क्या दशा हो रही है? (उसके सिर को अपने कन्धे से लगाकर) प्रीतिव्यथा रूपी ज्वर के दावानल के ताप से तपती हुई तुम्हें जिसने इस घोर संकट में लाकर डाला है; हे प्रिये! अपने उसी अपराधी इस प्रियतम को अपने बाहुपाशों के द्वारा खूब जी भर कर दण्ड दो।।८।।

चंचला— (पर्दे के पीछे से) आचार्य! यदि पूजाविधि के पूर्व का कर्म पूर्ण हो चुका हो तो आज्ञा दीजिये। ये पिता जी पूजा का सामान लेकर आ रहे हैं।

कवि०— (सुनकर) प्रिये। गुरुजन आ रहे हैं। सावधान हो जाओ।

पुरुष— (प्रवेश करके) बेटी अब कैसी हो?

प्रेरणा— ठीक हूँ पिता जी!

पुरुष— यह आचार्य चरणों की प्रत्यक्ष कृपा ही है। आचार्य। आपके आगमन से ही मेरी पुत्री की व्याधि दूर हो गयी। मेरा प्रणाम स्वीकार कीजिये। (प्रणाम करता है)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि०— (प्रणाम करके) आपका कल्याण हो। भगवान् महेश्वर की कृपा से सब ठीक ही होगा।

पुरुष— आप पूजन कीजिये— (पूजा की सामग्री रखता है। कविशेखर पूजा करके स्तुति करता है)—

कवि०— (हाथ जोड़कर)

श्रीमान् शान्ति देने वाले शम्भु को नमस्कार है, त्रिशूल धारण करने वाले, हर्ष देने वाले, शिव जी को नमस्कार है। पार्वती के प्रीतिपाश में सदा बँधे रहने वाले शिव जी को नमस्कार है। और बालकों पर हमेशा वत्सल रहने वाले शिवजी को नमस्कार है।।९।।

सबके मित्र, सब कुछ सहने वाले, सब का संहार एवं पालन करने वाले, सबको जन्म देने वाले शिव जी को नमन है। पार्वती की सुन्दर माँग में जो सुन्दर सिन्दूर होकर सौभाग्य का राग बन कर चमक रहे हैं ऐसे शिव जी को प्रणाम है।।१०।।

भक्त समूह के जो एकमात्र पालक हैं, पृथ्वी के पालन हार हैं, मस्तक पर जो चन्द्रमा पालते है, प्रिय लोकपाल है, जगत् के पालक हैं ब्रह्मा जिनके पुत्र हैं, जो संहारक भी हैं और सदा बालकों पर प्रेम करते हैं उन शिव जी का मैं भजन करता हूँ।।११।।

जिनकी जटायें सदैव सिर पर स्थिर चन्द्रमा की किरणों से धुलती रहती हैं, अपने मस्तक की ज्वाला के ताप को शान्त करने के लिये शान्तमूर्ति शंकर की मैं वन्दना करता हूँ।।१२।।

(सभी प्रणाम करते हैं)

कवि०— अब आप मुझे जाने की अनुमति दें।

पुरुष— आचार्य! अब कब दर्शन होंगे।

कवि०— जब भगवान् महेश्वर का संकल्प होगा।

पुरुष— बेटी आपको प्रणाम करो।

प्रेरणा— आचार्यश्री को प्रणाम करती हूँ।

कवि०— आपका कल्याण हो।

(निकल जाता है)

तृतीय अंक समाप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चतुर्थ अंक

कवि०— अहो! मेरी जीवन नैया कैसी विषम भँवर में फँस गयी? एक तरफ तो प्रेम से भरी मेरी प्रिया है दूसरी तरफ श्रद्धा से युक्त उसका परिवार है जो परमेश्वर के बाद मुझ पर ही विश्वास करता है। दोनों ही सम्बन्ध उल्लंघन करने योग्य नहीं हैं। मैं क्या करूँ—

जन्मान्तर के प्रेम का बन्धन लिये वह प्रियतमा, और सर्वातिशायिनी तथा विरल उसके परिवार की भक्ति। दोनों भावों के बीच फँसा मेरा मन, जैसे झूले में फँस गया हो, ऐसा हो रहा है मैं क्या करूँ? ।१।।

संस्कारों से पवित्र मेरे मन में उद्दण्डता नहीं आती किन्तु अत्यन्त दु:सह शरीरधर्म भी झंझावात की तरह मुझे मथे डाल रहा है।

भोग की इस प्रचण्ड जंगली हवा से चंचल हुआ मेरे मन का यह विवेक रूपी दीपक इस समय व्याकुल हो रहा है। हे प्रभो! इसका अन्त कहीं अशिव कुमार्ग में न हो जाय। तुम ही मुझे रास्ता दिखाओ। मुझे क्या करना चाहिये? ।२।।

कहाँ जाऊँ जहाँ शान्ति मिले? हमेशा भगवान् ही रक्षा करते हैं किन्तु जहाँ प्रभु के मन्दिर से ही व्याधि पैदा हुई हो तो कहाँ शरण है। सुना है परमेश्वर के कुपित होने पर गुरु ही रक्षा करने में समर्थ हैं। अत: उन्हीं गुरुचरणों की उपासना करनी चाहिये क्योंकि--

संसार में पक्षियों की पंक्ति प्रेम की रीति से अपने चरणों के नीचे पड़े अपने अण्डों की यत्न से रक्षा करती है। गुरुचरणों की कृपा का भी इस जीवन में वैसा ही महत्त्व है। जो उसकी शरण में आ जाते हैं उन्हें कहीं जगत् में भय नहीं रहता।।३।।

(परिक्रमा करके देखकर) यह हमारे गुरुदेव का आश्रम है। अहा! कैसी शान्ति विराज रही है—

चंचल हवा से जिनके सिर हिलाये गये हैं वे वृक्ष मानों नाच रहे हैं; ऐसे लगते हैं जैसे महान् आनन्द में मग्न हरिचरणों में भक्त नाचते हों। वन में पक्षी कूज रहे हैं मानों आश्रम में वेदाभ्यास में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निरत बटुओं के समूह स्वभाव से मधुर बोलियाँ दिशाओं में फैला रहे हों।।४।।

तो किससे यहाँ पूछूँ कि गुरु जी कहाँ है?

(परिक्रमा करके देखकर) अरे! मेरे सौभाग्य से प्रिय मित्र रसामृत इधर ही आ रहा है। अरे! मित्र रसामृत! (बुलाता है)

रसामृत– (देखकर प्रसन्नता से) मित्र कविशेखर, कब आये आप?

कवि०– अभी ही। आश्रम में सब कुशल तो है?

रसा०– बन्धु! सब कुशल है।

कवि०– तुम्हारी काव्य साधना कैसी चल रही है?

रसा०– गुरुचरणों की कृपा से निर्विघ्नता से चल रही है।

कवि०– हमारे गुरु आचार्य विद्याधर जी कहाँ है?

रसा०– इस समय तो सारस्वती पूजन के लियें शारदापीठ में ही होने चाहिये।

कवि०– धन्य है धन्य है। रसामृत तुम धन्य हो।

भक्ति ज्ञान वैराग्य से पूर्ण मन वाले, करुणार्द्र चित्त वाले, नाना विध शास्त्रों के सुधारस की अमृत नदी से पवित्र आत्मा वाले श्री एवं विद्या की कृपा से पूर्ण तेजस्वी गुरुदेव के चरण कमलों में जो मन से निवास करते हैं मित्र! वे धन्य हैं।।५।।

रसा०– ऐसा ही है मित्र!

कवि०– आओ! गुरुचरणों के दर्शन से अपने को पवित्र करें।

रसा०– आर्य इधर-इधर आइये। (परिक्रमा करके) यह आचार्य जी बैठे हैं–

सुन्दर गोरे रंग से इनका यह पवित्र शरीर रचा गया है जो चन्दन से प्रक्षालित है, रुद्राक्ष स्फटिक प्रवाल आदि मणियों के धारण करने से जो शोभायमान है। मन्त्रों के उच्चारण के सुन्दर अक्षरों से युक्त गुरुदेव का श्री मुख देखकर इस शान्त आश्रम में किस का चित्त शान्त नहीं होता?।६।।

कवि०– बहुत अच्छा रसामृत बहुत अच्छा। मैं जाता हूँ। (आगे चलकर अपने मन में) मेरा हृदय गुरुजी के सामने जाने में काँप रहा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरे के हृदय को जानने वाले गुरु जी मेरे दुराचरण को जान ही लेंगे तब क्या होगा? न जाने क्या निश्चय करें? न जाने क्या कहें? लेकिन दूसरी गति क्या है? वैद्य, ज्योतिषी और गुरु के पास आत्म-निवेदन किये बिना कल्याण नहीं होता क्योंकि–

चिकित्सक मनुष्य की नाड़ी को पहचान लेता है? दैवज्ञ ज्योतिषी माथे की लकीरों को पढ लेता है। गुरु मनुष्य के समग्र व्यवहार को जान लेता है। इन तीनों से क्या छुपा हुआ है? ।७ ।।

विद्या०– अरे! कविशेखर! बेटा! दरवाजे पर ही क्यों रुक गये? आओ आओ!

कवि०– (तेजी से चरणों में गिर कर प्रणाम करता है) गुरु जी! मुझ अपराधी की उद्दण्डता क्षमा करें।

विद्या०– आयुष्मन्! क्यों व्याकुल हो?

जो चंचलता से रहित हो वह शैशव ही नहीं माना जाता, जिसकी संसार में चर्चा न हो वह जवानी जवानी नहीं, जो हितकर धर्म में नहीं लगाया गया वह बुढ़ापा बुढ़ापा नहीं तो बेटा तुम्हीं बताओ! तुमने पृथ्वी पर क्या गलत किया? ।८ ।।

कवि०– गुरुदेव! आप सब जानते हैं। सब जानते हैं। मैं क्या कहूँ?

विद्या०– वत्स! स्वस्थ हो जाओ।

इस मनुष्य लोक में ऋणानुबन्ध से ही शुभ अशुभ कर्म होते रहते हैं– उन्हें भोगे बिना वे पूरे नहीं होते। बेटा इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। ।९ ।।

कवि०– मैं कृतार्थ हुआ। अनुगृहीत हुआ। देव।

विद्या०– वत्स! देखो!

गर्भ में ही विधाता ने जो माथे पर लिख दिया वह तो भोगना ही पड़ेगा। ब्रह्मा, महेश, इन्द्रादि देवता भी उसके उल्लंघन में समर्थ नहीं हैं। अत: जो धीर पुरुष हैं वे सब कुछ देखकर बुद्धि एवं विवेक दृष्टि से संसार में व्यवहार करते हैं और स्वधर्म निष्ठ होकर कल्याण पाते हैं। तुम भी धर्मनिष्ठ हो जाओ। ।१० ।।

कवि०– प्रभु। सब कुछ जानता हूँ। फिर भी हृदय स्थित व्याधि नहीं जाती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिदिन अनुराग की ज्वाला से प्रवर्धित, सकल लोकों को जीतने वाला यह कामदेव मेरे मन में प्रवेश करके अपने तीखे बाणों से मुझे मार रहा है। मेरी शील सम्पत्ति की रक्षा कैसे होगी? ।११।।

विद्या०— डरो मत। डरो मत! बेटा! मैं तुम्हारे हित का उपाय सोचूँगा। तब तक तुम जाओ। नित्य कर्म से निवृत्त होओ, तब तक मैं भी सन्ध्या करके आता हूँ।

कवि०— जैसी गुरुदेव की आज्ञा। प्रणाम करता हूँ। (प्रणाम करता है)

विद्या०— तुम्हारा कल्याण हो। (सब निकल जाते हैं)

(फिर कुटिया में बैठा कविशेखर प्रवेश करता है।)

कवि०— अहो! गुरु की क्या महानुभावता है। मेरे बिना कहे ही सब कुछ जानकर मेरे पाप को कैसे छुपा लिया? अथवा परमहंसों के लिये इसमें क्या आश्चर्य है?

भक्ति के प्रभाव से समस्त सिद्धियों का वैभव पा लेने पर भी ये सिद्ध जन उनसे विरक्त रहते हैं और कभी उनमें रमण नहीं करते। जब सारा नश्वर वैभव त्याग ही दिया तो सिद्धियों में क्या अभिलाषा रही? ब्रह्मानन्द में रहने वाले मुनिजन तो सदैव ज्ञान में रमते हैं।।१२।।

मुझे गुरु जी ने नित्य कर्म के अनुष्ठान की आज्ञा दी है किन्तु मेरी समाधि स्थिर ही नहीं होती हैं। आँखें बन्द करने पर बारबार वही प्रिया की आकृति दृष्टिपथ में आ जाती है।

क्या करूँ?

आँखों की गति के बन्द कर लेने पर भी मेरे चित्त में मधुरभाव वाली मतवाले नयनों वाली वह प्रियतमा चली आती है। समाधि के क्षण में उसका मनोहर मुख अपनी मीठी मुस्कान से मेरा मन हर लेता है।।१३।।

देव! शंकर मेरी रक्षा करो। रक्षा करो!

रसा०— (प्रवेश करके) मित्र। यहाँ भय कहाँ? जो मुझे बचाओ यह कह रहे हो?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि०— बाहर से कोई भय नहीं है। भय तो आत्मा से हैं।

रसा०— मैं तुम्हारी पहेली नहीं समझता। साफ कहो।

कवि०— इसमें कुछ भी कथनीय नहीं है।

रसा०— यदि तुम्हारे पास कुछ भी कथनीय नहीं है तो मेरे पास कुछ दर्शनीय है।

कवि०— दर्शनीय है? तो दिखाओ?

रसा०— आओ मित्र! देखो दर्शनीय वस्तुओं की चरम सीमा को (ऐसा कहकर अँगुली से दिखाता है। तब गुरु विद्याधर को प्रणाम करती प्रेरणा को देखकर कविशेखर ज़ड़ हो जाता है और अपलक दृष्टि से उसे देखता है।)

रसा०— (आँखों के आगे हाथ हिलाकर) बन्धु! यह क्या? तुम तो दर्शनीय को देखकर ठूँठ की तरह हो गये।

कवि०— (घबड़ाहट से) रसामृत। तुमने सच कहा। यह तो दर्शनीय की चरम सीमा हैं–

मित्र! नेत्रों को सुख देने वाली, सारे आनन्दों से भरी यह चन्द्रकला है अथवा, सौन्दर्य के समुद्र का मन्थन करने से निकली हुयी यह लोकोत्तरा श्री ही है, स्वर्ग लोक से पृथ्वी पर उतरी हुई काम देव की यह विजय वैजयन्ती जैसी रूपसी रमणी मेरे मानस का आकर्षण कर रही है।।१४।।

रसा०— तुम तो मुग्ध हो गये बन्धु। इसके देखते ही तुम्हारी कविता फूट निकली–

कवि०— कविता से इसका रूप वर्णन नहीं किया जा सकता–

जड़ अक्षरों से युक्त और काली स्याही से रची मेरी कविता कहाँ? और कहाँ सुन्दर वर्ण वाली (गोरी) तथा सोने जैसी उज्जवल रंग से रची गयी यह सुन्दरी। यह मेरी लेखनी से भी नहीं रची जा सकती है। क्योंकि वह रसहीन है तथा जड़ है और यह रसमयी है तथा चैतन्य है। अतः मेरी वाणी तथा कविता से इसका वर्णन कैसे हो सकता है।।१५।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रसा०— ठीक कहा मित्र।

कवि०— यह कहाँ से आई है? कहाँ जाना चाहती है?

रसा०— मैं नहीं जानता। यदि आप आज्ञा दें तो जाकर पूछ आऊँ?

कवि०— नहीं नहीं। अपरिचित युवती से कुछ भी नहीं पूछना चाहिये।

रसा०— यह ठीक ही है। (दिखकर) अरे! गुरु जी इसके साथ इधर ही आ रहे हैं।

(दोनों पेड़ों के पीछे छुपकर देखते हैं)

प्रेरणा— गुरुदेव! प्रणाम करती हूँ।

विद्या०— वत्से। कल्याण हो! कैसी हो?

प्रेरणा— गुरुचरणकमलों की कृपा से स्वस्थ हूँ।

विद्या०— अच्छा। घर में सब कुशल है?

प्रेरणा— (मन में) घर में तो कुशल है पर मन में नहीं। (सामने) कुशल है गुरु जी।

विद्या०— (हँसकर) बेटी! तुमने कुछ विचार कर उत्तर दिया।

प्रेरणा— (डरकर) क्या गुरुदेव ने जान लिया?

विद्या०— बेटी! हृदय में जगन्नाथ रहते हैं। वे सब जानते हैं।

प्रेरणा— (मन में) हृदय में तो कोई और ही रहता है।

विद्या०— बेटी। हृदय में जो कोई रहता है वह जगन्नाथ के आदेश से ही अपनी इच्छा से नहीं।

प्रेरणा— (मन में) गुरुदेव ने पकड़ लिया। (लज्जा प्रदर्शित करती हुई खड़ी रहती है।)

विद्या०— (हँसकर) आओ इस छाया वाले वृक्ष के नीचे बैठो। कहो बेटी! तुम्हारा हृदय क्यों दुःखी हो रहा है—

यह बताओ तुम क्यों सन्तप्त हो? कौन सी मर्मन्तुद वेदना है जो तुम्हारे चित्त को जला रही है जिससे तुम ऐसी हो गयी हो। यदि कोई किसी से अपना दुःख कह देता है तो वह दुःख संसार में कम हो जाता है।।१६।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रेरणा– (मन में) कैसे कहूँ! अथवा अपनी उद्दण्डता का निवेदन करने का अपराध करके स्वयं को लज्जित करूँ? मेरी तो वाणी ही नहीं खुलती। ठीक है– फिर यह कहती हूँ। (सामने) देव! आप तो सब कुछ जानते हैं फिर यह प्रश्न क्यों कर रहे हैं? यदि आश्रम की लता पुष्पित नहीं होती तो आप को दुःख होता है या नहीं?

विद्या०– जानता हूँ बेटी। दुःख होता है उसकी निष्फलता देखकर–

वासन्तिक ऋतु में भी खिले हुए पुष्पों से यदि लता नहीं भर जाती, उस पर भँवरे नहीं आते, पत्र पुष्प फल से रहित श्रीहीन होकर आश्रम में स्थित किसी लता को देखता हूँ तो मन बहुत दुःखी होता है। संसार में हर मनुष्य अपनी सन्तान के दुःख से दुःखी होता ही है।।१७।।

प्रेरणा– वास्तव में मैं श्रीहीन हो गयी हूँ।

कवि०– (वृक्ष के पीछे से ही) गुरुदेव ने ठीक कहा- यह तो–

अन्तस्तल के सन्ताप से निकलते मलिन आँसुओं के गर्म जल से सींचे जाने के कारण इसकी सोने जैसे प्रसन्न मुख वाली मधुर कान्ति कुम्हला गयी है। सारे शरीर की कठोरता ढीली पड़ गयी है जिससे वह सौष्ठवं जो इसके शरीर रूपी लता में पल्लव जैसी शोभा धारण करता था धीरे-धीरे खिन्न हो रहा हैं।।१८।।

विद्या०– वत्से! सौभाग्य से उचित स्थान पर ही तुम्हारा मन गया–

बेटी! तुमने जो शीघ्रता में यह कर्म किया वह पशुपति की कृपा से जल्दी ही साध लिया गया। जो प्रभु की शरण से हीन हैं और तुरन्त सोचे हुए काम कर डालते हैं उनके जीवन में भीषण सन्ताप पैदा हो जाते हैं यह सत्य है।।१९।।

किन्तु

प्रेरणा– (डरकर) गुरुदेव! यह "किन्तु" क्यों?

विद्या०– (चिन्ता का अभिनय करते हुये) किन्तु?

प्रेरणा– (व्याकुल होकर) गुरो गुरो! कहिये तो किन्तु

विद्या०– किन्तु तुम्हारी भाग्य रेखा तुम्हारी मनोकामना को दूर कर रही है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रेरणा— हाय मैं मारी गई। (पैरों में गिर जाती है)

कवि०— (पेड़ों के पीछे से ही) हाय हम मारे गये! (वृक्ष का सहारा लेता है)

विद्या०— बेटी धैर्य रखो। धैर्य रखो।

रसा०— (कविशेखर के प्रति) बन्धु! सावधान हो जाओ धैर्य रखो!

प्रेरणा— (आँसू भरा मुख उठाकर) गुरुदेव! यह आपने क्या आदेश दिया। यदि फलाशा ही नहीं थी तो शिव जी ने क्यों वह आम का वृक्ष लगाया था। फिर क्यों अपने मन्दिर में ही इसका आलवाल रचा था। क्यों स्नेह के जल से सींचा था?

विद्या०— बेटी! बेटी! अपने को स्थिर करो। विधि का विधान अनुल्लंघनीय है। शंकर महादेव सब शान्ति करेंगे। वे ही हमारे प्रभु हैं। कुटिया में जाओ। मैं भी तुम दोनों के समाधान के लिये भगवान् पिनाकपाणि चन्द्रशेखर से प्रार्थना करता हूँ।

(अपने हाथ से प्रेरणा को सान्त्वना देते हुये निकल जाता है)

प्रेरणा— मैं बड़ी अभागी हूँ। हा देव कविशेखर! हा प्राणवल्लभ! मैं तुम्हें पुनः कब देख पाऊँगी।

कवि०— (जल्दी से पास जाकर हाथों में उसका मुख उठाकर) अरे करुणे! जीवितेश्वरी! अपने को रोको! सावधान हो!

प्रेरणा— (व्याकुल होकर उसे पकड़ लेती है) प्राणेश! तुम कहाँ से आ गये?

कवि०— मैं तो अपने वियोग से खिन्न मन को विनोदित करने के लिए यहाँ आया था उसी समय गुरुदेव के साथ बात करती हुई आप दिखाई दे गयीं।

प्रेरणा— (स्मरण करके रोती है) नाथ! गुरु जी ने जो कहा वह तुमने सुना या नहीं?

कवि०— प्रिये! सुना वह दारुण और मर्मवेधी संवाद!

अब तक मानों मेरे कानों में गर्म सीसा सा भरा हुआ है अथवा विष की ज्वाला से भरा कोई बाण हृदय में घुस गया है। तीक्ष्ण तलवार की विषैली धार के समान विष उगलते उस दुःख देने वाले वाक्य से मैं मोहाकुल हो रहा हूँ।।२०।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रेरणा– प्रियतम! मैं तुम्हारे बिना जीवित नहीं रह सकूँगी।

कवि०– प्रिये! जीवन केवल हमारा ही नहीं है। देव ऋषि पितरों के ऋणानुबन्ध से बँधा यह जीवन आत्मघात रूप कर्म करने के लिये ठीक नहीं है। धैर्य धारण करो।

प्रेरणा– कैसे धैर्य धारण करूँ प्राण! कैसे धारण करूँ ?

प्रियतम! वह तुम्हारी बाँहों के तकिये की शरण, तुम्हारी गोद, मेरे लाल अधरों पर तुम्हारी काँपती उँगलियों के द्वारा लिखे जाने वाले वे क्षण, तुम्हारे नेत्रों के द्वारा होने वाली वे बातें, मनोहर क्षण, वह सब मैं कैसे हृदय में याद नहीं करूँ? ।२१।।

कवि०– जानता हूँ प्रिये! किन्तु–

सारा संसार वास्तव में दैव के अधीन होकर ही चेष्टा करता है। जीवन में दु:खों की छाया या सुखों की छाया उसी के कारण होती है।।२२।।

प्रेरणा– तो हम दोनों की क्या गति होगी?

कवि०– मैं नहीं जानता। आओ गुरु चरणों से पूछें। जैसा वे आदेश करेंगे वही हम दोनों करेंगे।

(निकल जाते हैं)

चौथा अंक समाप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंचम अंक

(इसके बाद रसामृत प्रवेश करता है)

रसा०— अहो! महापुरुषों का सत्त्व विलक्षण होता है। गुरुओं की महानुभावता भी अभूतपूर्व होती है, इनका तप लोकोत्तर है, गुरुचरणों की शिष्य वत्सलता असाधारण है। ये तो—

शुद्ध ज्ञान दृष्टि से कलुष पूर्ण मोहान्धपाश का छेदन कर, अपनी कठिन तपस्या से इस दुःख पूर्ण संसार में सभी ग्रन्थियों का भेदन कर, सारी सिद्धियों को धारण करने के बाद भी अपने मन से ही भोग संकल्प से शून्य होकर सुखमय अपनी आत्मा में ही अद्वैत का आनन्द भोगते हुए योगी जन रमते हैं।।१।।

एक सप्ताह बीत गया हमारे गुरु देव को समाधि में बैठे। मित्र कवि शेखर और उनकी प्रेयसी के समाधान के लिये न जाने कौन सा तप गुरुदेव कर रहे हैं। उन दोनों को सान्त्वना देकर पिछले सप्ताह से ही अपने प्रकोष्ठ में बैठकर न जाने कौन सा अनुष्ठान उन दोनों के कल्याणार्थ कर रहे हैं? वे दोनों भी अपने कक्ष में मौनी होकर न जाने क्या जपते रहते हैं। लगता हैं कि कोई दैवीय अनुष्ठान ही गुरुदेव ने आरम्भ कर दिया है क्योंकि आश्रम में सर्वत्र अनुरागमयी शिथिलता व्याप्त हो रही है।

वृक्ष मुनिजनों को स्वयं ही आज फल पुष्पों को समर्पित कर रहे हैं; द्रुमों के द्वारा मीठे पके फलों से भिक्षापात्र स्वयं ही पूरित हो जाता है, शाखाओं पर बैठे पक्षी गण आपस में शान्ति पूर्वक धान के कण एक दूसरे की चोंच में डालते हुए प्रसन्न मन से अपने प्रिय जनों को देखते हैं।।२।।

यह सब गुरुदेव की संकल्प शक्ति का प्रभाव है। (परिक्रमा करके) देखता हूँ मित्र कविशेखर कहाँ है? लगता है कि वे भी हृदयस्थिता प्रिया का स्मरण करते हुए कहीं प्रेम समाधि में बैठे होंगे। तब तक उनकी कुटिया में जाता हूँ।

(निकल जाता है)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पद्मासन से बैठा कविशेखर प्रकट होता है)

कवि०— गुरुदेव ने मुझे चिन्तामणि मंत्र के जप के लिये आदेश दिया है परन्तु मेरी समाधि स्थिर ही नहीं होती। विद्याव्रत के अनुष्ठान से पवित्र हुए मेरे मन में भगवती शारदा की प्रतिमा के सामने भी प्रिया की वह अनुरागमयी मूर्ति मेरे नेत्रों में अतिथि बनकर समा जाती है।

नेत्र मूँद लेने पर भी वह मेरी प्रिया मेरे मन को हरती हुई नेत्रों की अतिथि बन जाती है। यह क्या घट रहा है कि शारदा के मुख के स्थान पर समाधि में प्रियतमा का मुख बार-बार ध्यान में आता है।।३।।

और भी –

मंत्र के अंक्षरों का बार-बार जप करती हुई मेरी वाणी जप के बीच में ही धैर्य के विलुप्त हो जाने पर सहसा ही प्रिया के नाम के अक्षरों का उच्चारण करने लगती है। और उस समय मेरा चित्त सहसा व्याकुल हो उठता है।।४।।

हे जगदम्बा! क्या करूँ? कहाँ जाऊँ। (नि:श्वास लेकर) मुझे देखकर हँसती हुई सी क्यों लग रही हो–

हे माँ! यह लोक की रचना तुम्हारी ही तो क्रीडा है। तुम्हीं ने संसार में राग का पाश रचा है। मुझे व्याकुलता से करवटें बदलते देखकर तुम आनन्द से क्यों मुस्करा रही हो?।५।।

किन्तु कहो तो? क्या पुत्र भी उपहास के योग्य होता है? आपके लिये यह उचित नहीं है। उचित नहीं है!

रसा०— (अचानक प्रवेश करके) क्या उचित नहीं है प्रिय मित्र!

कवि०— (लज्जित होकर मन में) अरे! क्या मित्र रसामृत आ गया? मित्र ने मेरा विलाप सुन लिया (सामने) मित्र। अभिवादन है! बैठो! कुछ भी अनुचित नहीं है।

रसा०— तो "उचित नहीं है" ऐसा एकान्त में आप क्यों कह रहे थे?

कवि०— (मन में) मित्र ने जान लिया। किस बहाने से अपने को छुपाऊँ? अच्छा ऐसा कहता हूँ। (सामने) मित्र! मैं तो दिवास्वप्न देख रहा था उसी में मैंने कुछ कह दिया। इसमें कोई विशेष बात नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह तो बताओ गुरुदेव समाधि से उठे या नहीं?

रसा०— (स्वगत) मित्रवर्य्य अपने को छुपा रहे हैं। इसीलिये और और बात कर रहे हैं। (सामने) मित्र! अभी भी गुरुदेव समाधि में ही हैं। लगता है कि सारा आश्रम ही आजकल समाधि में है।

कवि०— सभी समाधि में हैं। यह कैसे?

रसा०— कोई भाव समाधि में है, कोई राग समाधि में, कोई जप समाधि में, कोई आँसुओं की समाधि में डूबा दिखाई देता है। न कोई किसी से बात-चीत करता है। केवल अपना-अपना काम करके शान्त भाव से लोग चुप हो जाते हैं। सो ऐसा लगता है सारे के सारे समाधिस्थ हैं।

कवि०— ठीक कहा है रसामृत। देखो—

काँपते हुए पत्तों के हाथों से वृक्ष संकीर्तन सा कर रहे हैं, मंत्राभ्यास करता हुआ सा यह पुरुषकोकिल कूजन कर रहा है, हृदय में स्थित अपने इष्ट देव को शान्त मन से ध्यान करते हुए ये साधक गण प्रीति समाधि के भाव से भरे हुए गुरु देव के आश्रम में प्रतीत होते हैं।।६।।

रसा०— सभी लोग प्रसन्न नहीं हो सकते हैं कविवर!

कवि०— कौन हैं जो प्रसन्न नहीं है?

रसा०— *प्यार के रोग से पीड़ित जिसका सारा शरीर निःश्वास के भार से झुका रहता है, रात-रात भर जागरण के कारण जिसकी आँखें लाल-लाल हो रहीं हैं, होंठ सूख रहे हैं सन्ताप के कारण पीला पीला मुख चन्द्र लिये गुरुदेव के आश्रम में यह कोई नयी ही पर्वतपुत्री पार्वती प्रियतम की प्राप्ति के लिये तपस्या कर रही हैं।।७।।*

कवि०— यह नई पार्वती कौन है?

रसा०— क्यों अज्ञानी की तरह मुझे पूछ रहे हो?

तुमने स्वयं ही प्रयत्न करके राग के समुद्र में उसे गिराया और उसके कोमल चित्त रूपी मन्दराचल का मन्थन करके उससे प्रेम का अमृत चाहते हो। वह वियोग की विषम ज्वालाओं में घिरी हुई दिन-रात तप रही है। मित्र! वह मुझे तो घोर तप करती हुई नवीन पार्वती ही लगती है।।८।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि०– मित्र! वह निश्चय ही दुष्कर तप कर रही है जिसने तुम्हें भी आश्चर्य चकित कर दिया।

रसा०– और क्या–

आजकल उसका भोजन कठिन दुःख ही हैं, नेत्रों के आँसू ही उसका पेय जल हैं, पृथ्वी पर निद्राहीन शयन ही शय्या है। इस तरह से तुम्हारी वह प्रेयसी कठिन तप कर रही है।।९।।

कवि०– (निःश्वास लेकर) मित्र! मैं सब कुछ जानता हूँ। किन्तु तपे हुए सोने में ही आभूषण बनने की क्षमता होती है। देखो–

विषम अग्नि की ज्वालाओं से जलाया गया जो शोधित स्वर्ण है वह ही दोष से शून्य होता है। वही आगे चलकर कामिनियों का प्रीति पात्र आभूषण बनता है। संसार में दुःख के बाद ही सुखराशि उत्पन्न होती है।।१०।।

अतः गुरुचरणों के आदेश से ही हम दोनों साधना की आग में जीवन होम रहे हैं।

(पर्दे के पीछे से)

रसामृत! रसामृत! कहाँ हो? कहाँ हो? जल्दी ही अपने मित्र कवि शेखर और बेटी प्रेरणा को मेरे पास लाओ।

रसा०– (सुनकर) अरे! यह तो गुरुदेव की मेघ गम्भीर वाणी है। वे समाधि से उठकर मुझे ही बुला रहे हैं। (जोर से) गुरुदेव मैं आ रहा हूँ।

कवि०– मित्र! तुमने सुना कि गुरुदेव मुझे एवं मेरी प्रिया को बुलाने के लिये तुम्हें बुला रहे हैं। तो न जाने क्या कहेंगे? इस चिन्ता से मैं बहुत व्याकुल हो रहा हूँ। इस लिये तुम्हारे साथ ही वहाँ चलना चाहता हूँ।

रसा०– (शीघ्रता से) तो जल्दी ही आओ।

(दोनों निकल जाते हैं)

(इसके बाद आसनस्थ कपड़े से ढँके दो चित्रों के साथ गुरु विद्याधर प्रवेश करते हैं)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्या०— (सरस्वती के प्रति) अरी! जगत् की माँ, कृपामयि! तुम्हारी ही कृपा के प्रभाव से यह जगत् अनुराग में आबद्ध होता है। तुम्हारे ही स्नेह से यह रागमय पाश सभी लोगों को बाँधता है। तुम्हारी लीला सर्वथा दुर्निवार है। माता! यह अनुराग का रोग भी बड़ा कठिन है। इसकी शान्ति आपकी कृपा से ही सम्भव है। करुणा करो—

जब तक जीव तुम्हारे चरण कमलों की धूल सत्कर्मों द्वारा प्राप्त नहीं कर लेता, जब तक शिवभावना के समुद्र जल से जीवन प्रक्षालित नहीं होता, जब तक विमल अनुराग के पुष्पों से श्रद्धा पूर्वक तुम्हारा समर्चन नहीं होता तब तक मानव का जीवन कभी सफल नहीं होता।।११।।

इसीलिये इन बच्चों की सान्त्वना के लिये तुम्हारी प्रार्थना कर रहा हूँ। जो तुमने समाधि में आदेश दिया वही किया है। करुणामयि!

हे कारुण्यमूर्ति माँ! परम कल्याणमयि! तुम्हारी कैसी कृपा है, जिसमें स्नान करके लोग प्रतिक्षण निष्पाप होकर पूर्णकाम होते रहते हैं। तुम ही धात्री हो और विश्वगोलक को मधुर रसमय अपने दूध से तुम्हीं पवित्र करती हो। संसार में तुम्हारी सकल सुख देने वाली कृपा को भला कौन छोड़ सकता है।।१२।।

(पैरों में शिर रख देते हैं। फिर कविशेखर प्रेरणा तथा रसामृत आते हैं)

रसा०— सखे! यह सामने गुरुदेव की साधना स्थली है।

कवि०— (प्रेरणा से) यह गुरुजी की साधना स्थली है प्रिये! प्रवेश करो।

(सभी प्रवेश का अभिनय करते हैं)

प्रेरणा— प्राणेश! न जाने क्यों मेरा चित्त व्याकुल हो रहा है?

कवि०— प्रिये! मेरी भी यही अवस्था है—

यद्यपि गुरुदेव सदैव प्रेम ही करते हैं फिर भी उनके सामने उनके आदर से मेरा हृदय काँपता है। वे न जाने क्या कहेंगे इस बात से मेरी चित्तवृत्ति व्याकुल हो रही है और मैं इस समय हे सखि! भययुक्त हो रहा हूँ।।१३।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि०— गुरुदेव के चरणों में प्रणाम!

विद्या०— वत्स, तुम्हारा कल्याण हो!

प्रेरणा— गुरुदेव के चरणकमलों का अभिवादन करती हूँ।

विद्या०— स्वस्ति बेटी! मेरे पास बैठो।

रसा०— गुरुदेव को अभिवादन!

विद्या०— स्वस्ति वत्स!

(सब बैठते हैं। विद्याधर सभी को गौर से देख कर)

विद्या०— तुम दोनों कुशल से तो हो!

कवि०— आपकी कृपा से सब कुशल ही है।

विद्या०— बेटा! भगवती वीणापाणि शारदा तुम्हारे हृदय में अपनी कच्छपी वीणा की झंकार पैदा करती हुई सतत नाचती रहती हैं। वास्तव में तुम कविशेखर हो, केवल नाम से ही नहीं।

कवि०— यह गुरुओं का आशीर्वाद है और कुछ नहीं।

विद्या०— बेटी! तुम भी मूर्तिमयी साधना हो जो निश्चय ही जन्मान्तरीय पुण्यों के द्वारा इस लोक को कृतार्थ करती है।

प्रेरणा— मैं अभागी इस लायक नहीं हूँ जो गुरुदेव इतनी प्रशंसा कर रहे हैं।

विद्या०— नहीं नहीं बेटी! तुम अपना महत्त्व नहीं जानतीं। मैं सत्य कहता हूँ—

नित्य ही शिव जी के पद कमलों के केशरकणों से गीला, और अमृत रस बरसाने वाला मेरा वत्स कविशेखर निश्चय ही कवियों में अग्रणी होगा। तुम भी इसके प्रतिभाविधान को विस्तार देने वाली सत्प्रेरणा ही हो अतः तुम्हारी भी कीर्ति लता संसार में अनन्त काल तक रहे।।१४।।

दोनों— हम दोनों अनुगृहीत हुए।

(पैरों में प्रणाम करते हैं)

विद्या०— शेखर! समाधि में माता सरस्वती ने तुम दोनों का समाधान दे दिया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(उत्सुकता से) समाधि में समाधान दिया? आप आज्ञा करें।

कवि०— (रसामृत की ओर) रसामृत! रसामृत! हटाओ तो इस काष्ठफलक का वस्त्रावरण।

विद्या०— (रसामृत वैसा ही करता है। काष्ठफलक पर प्रेरणा को ही सरस्वती के रूप में चित्रित देखकर चित्रलिखित सा हो जाता है।)

विद्या०— वत्स! मौन क्यों हो गये? यही तो तुम्हारी सत्प्रेरणा है। यही तुम्हारी वीणापाणि शारदा है जो इस मूर्ति के माध्यम से तुम्हें शब्दायित करेगी। इसे ग्रहण करो। इसके चरणों में लिखित आशीर्वाद पढ़ो—

कवि०— (आविष्ट सा होकर पढ़ता है)

जिसके प्रेममय चंचल नेत्रों की कृपामन्दाकिनी पवित्र से सूखे अन्तःकरण को अमृतरस से सींच डालती है, वही यह वीणा वादन करने में कुशल, हँसते मुख वाली, हंसासना, सार देने वाली, श्री कविशेखर के द्वारा पूजित चरणों वाली, सत्प्रेरणा रूपी शारदा विराज रही है।।१५।।

विद्या०— वत्स! यह ऐसा ही है। यही तुम्हारी वागीश्वरी है। जो निश्चय ही कवि के मनोराज्य में सैकड़ों हजारों कल्पनाओं के साथ विचरण करती है। वही शब्द एवं अर्थ के मधुर स्वरों की झंकार का आविष्कार करने वाली, कवि जनों के मन को मोहने वाली, शारदा होती है। और यह तुम्हें भगवान् नर नारायण बदरीनाथ के द्वारा प्रसाद में मिली है जैसे भगवान् कामदेव ने उर्वशी को पाया था। यह दिव्या है यह तुम्हारे मनोराज्य में ही विहार करे सत्प्रेरणा के रूप से। इसकी कृपा से तुम्हारी कीर्ति बढ़ाने वाली कई नयी काव्य रचनायें होंगी।

(इतना कहकर चित्र उठाकर कवि शेखर को देता है)

कवि०— (ग्रहण करके) कृतार्थ हुआ! अनुगृहीत हुआ।

विद्या०— (प्रेरणा के प्रति) वत्से! अब तुम्हारा भी समाधान करना चाहिये।

(रसामृत के प्रति) रसामृत! दूसरे चित्र का आवरण हटाओ।

(रसामृत हंटाता है। चित्र में कविशेखर को ही श्रीकृष्ण के रूप में वेणुवादन करते देखकर सतृष्ण दृष्टि से प्रेरणा देखती है।)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्या०– बेटी! यह तुम्हारे प्रियतम हैं। यही तुम्हारे अन्तर्यामी हैं। जो सदा हृदयाकाश में निवास करते हैं वे ही अन्तर्यामी कहे जाते हैं। अतः वही तुम्हारे पूज्य हैं। देखो क्या लिखा है?

प्रेरणा– (पढ़ती है)

जिनकी वेणु का मधुर स्वर अमृतमय है और मेरे कानों के लिये नित्य उत्सव स्वरूप है, जिनकी मूर्त्ति की मुस्कान माधुरी मेरी आँखों को रुचिकरी है और उत्सवरूपिणी है, जो स्मृति से ही मेरे जीवन में प्रतिक्षण प्राणोत्सव कर देते हैं ऐसे कवियों के सिरमौर भगवान् श्रीकृष्ण ही मुझ प्रेरणा की भक्ति की भूमि है।।१६।।

(धीरे से चित्र को प्रणाम करती है।)

विद्या०– बेटी! अपने जीवन में भक्तिसहित श्री कृष्ण की सेवा करो। बेटा! तुम भी सावधान होकर शारदा की आराधना करो। इस कल्प में की गयी तुम्हारी भक्ति ही आगामी कल्प में तुम दोनों का अखण्ड मिलन करायेगी। इस जीवन में तो लोक कल्याण के लिये ही तुम दोनों के प्रेमांकुर का फलन हुआ था।

(सभी पांत्र मंच पर प्रवेश करते हैं)

भरतवाक्यम्

सभी लोग प्रेम में निरत होकर आनन्द मनाते हुए सत्कर्म के सम्पादन में लगे रहें और रचना के विधान में कुशल हों तथा कल्याण के कल्पवृक्ष बनें। पुण्यों की सुगन्धि रूप विभूति को धारण करके, शिव जी की आराधना में संलग्न सत्प्रेरणा शारदा सम्पूर्ण विश्व में प्रकाशित हो।।१७।।

(विद्याधर हाथ से आशीर्वाद देते हैं। कविशेखर प्रेरणा एक दूसरे को देखते हुए नेपथ्य में चले जाते हैं।)

पाँचवाँ अंक समाप्त

सत्प्रेरणानाटक समाप्त हुआ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

दिल्ली संस्कृत अकादमी : दिल्ली सरकार

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'संस्कृत भवन' राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसरः वजीरपुर गाँव
(फेज-1, अशोक बिहार) दिल्ली-110052

दिल्ली संस्कृत अकादमी के द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित ग्रन्थ एवं संगीतात्मक कैसेट विक्रय के लिए उपलब्ध हैं :—

खण्ड 'क'

	मूल्य (रु.)		मूल्य (रु.)
1. महाबुद्धवत्थु (महाबुद्धवस्तु) (प्रथम भाग)	250	2. महाबुद्धवत्थु (महाबुद्धवस्तु) (द्वितीय भाग)	400
3. महाबुद्धवत्थु (महाबुद्धवस्तु) (तृतीय भाग)	260	4. महाबुद्धवत्थु (महाबुद्धवस्तु) (चतुर्थ भाग)	350
5. भीमशतकम्	18	6. व्यावहारिकसंस्कृतम् (प्रथम भाग)	5
7. व्यावहारिकसंस्कृतम् (प्रथम भाग 16 चार्ट)	16	8. व्यावहारिकसंस्कृतम् (प्रथम भाग संगीतमय कैसेट)	15
9. हनुमत्सुप्रभातम् (संगीतमय कैसेट)	25	10. वर्णात्मक भगवतीसुप्रभातम् (संगीतमय कैसेट)	25
11. मेघदूत (प्रथम भाग)	25	12. संस्कृतमंजरी (त्रैमासिक पत्रिका) शुल्क प्रति वर्ष	32
(द्वितीय भाग)	25		
(तृतीय भाग)	25		

इसके अतिरिक्त अकादमी की आर्थिक सहायता द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित संस्कृत पुस्तकें भी विक्रय हेतु उपलब्ध हैं :—

खण्ड 'ख'

1. पत्रकाव्यम्	300	2. वैदिकी यज्ञविद्या	200
3. गीतिमंजरी	60	4. वालैकविंशतिः	12
5. एकांकिनाट्यद्वयम्	20	6. व्यामोहः	40
7. महर्षिमाल्यार्पणम्	25	8. सावित्री	25

अकादमी द्वारा खण्ड 'क' में उल्लिखित महाबुद्धवत्थु ग्रन्थ पर 45% तथा खण्ड 'ख' में उल्लिखित सभी पुस्तकों पर 25% छूट (डिस्काउंट) प्रदान की जायेगी। खण्ड 'क' में उल्लिखित अन्य किसी पुस्तक, चार्ट, कैसेट आदि पर किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जायेगी।

पुस्तकें आदि किसी भी कार्य दिवस पर अकादमी के कार्यालय से प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच नकद भुगतान कर अथवा दिल्ली में भुगतान योग्य, सचिव दिल्ली संस्कृत अकादमी के नाम बैंक ड्राफ्ट द्वारा क्रय की जा सकती हैं। चैक स्वीकार न होंगे। पुस्तकें आदि वी.पी. पी. द्वारा भी मंगायी जा सकती हैं परन्तु डाक व्यय क्रय करने वाले को ही वहन करना होगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

श्रीकृष्ण सेमवाल
सचिव

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्वाचीनसंस्कृतम्

(R. N. 34554/79)

अर्वाचीनसंस्कृतस्य विज्ञापनशुल्कम्

आवरणपृष्ठस्य	2000-00 प्रतिपृष्ठम्
अन्यपृष्ठानाम्	1000-00 प्रतिपूर्णपृष्ठम्
अर्धपृष्ठस्य	500-00

अर्वाचीनसंस्कृतस्य ग्राहकशुल्कम्

(१९९३ तः प्रभावि)

संस्थानां कृते वार्षिकं (भारते) रु० 40.00
वार्षिकं (विदेशेषु) यू एस० डालराः 10
आजीवनं (भारते) रु० 400-00
आजीवनं (विदेशेषु) यू०एस० डालरा: 100

व्यक्तीनां कृते वार्षिकं (भारते) रु० 30.00
वार्षिकं (विदेशेषु) यू०एस० डालरा: 10
आजीवनं (भारते) रु० 300.00
आजीवनं (विदेशेषु) यू०एस० डालरा: 100

डाकव्ययः [यदि पंजीकृत (रजिस्टर्ड) डाकद्वारा अर्वाचीन-संस्कृतस्य सर्वेऽप्यङ्काः प्रेष्येरन्]
भारते : 30.00
विदेशेषु : यू०एस० डालरा: 10

विगतांकानां (Back Volumes) वार्षिकं मूल्यम् रु० 100/-

देववाणी-परिषदः सदस्यानां सभासदां च कृते पत्रं निःशुल्कं प्रेष्यते । किन्तु पञ्जीकृतडाकद्वारा पत्रप्रेषणार्थं तैरपि डाकव्ययो देयः स्यात् । ग्राहकाः ग्राहकशुल्कं '**अर्वाचीनसंस्कृतम्** Arvacheenasanskritam/ इत्यंकितेन बैंकड्राफ्टेन धनादेशेन (M.O.) वा निम्नलिखिते संकेते प्रेषयितुं प्रार्थ्यन्ते ।

सम्पादक :
अर्वाचीनसंस्कृतम्
देववाणी-परिषद्, दिल्ली
आर-6 वाणी-विहारः, नयी दिल्ली-110059 (भारतम्)

'देववाणी-परिषद्, दिल्ली'-कृते डा० रमाकान्त शुक्लेन 'देववाणी प्रिंटर्स, उत्तम नगर, नई दिल्ली-११००५९'इति मुद्राणलये मुद्रापयित्वा 'आर-६ वाणी विहारः, नयी दिल्ली-११००५९'तः प्रकाशितम्-अर्वाचीनसंस्कृतम् (१६/२)-प्रधानसम्पादकः डा० रमाकान्त शुक्लः ।

अस्यांकस्य मूल्यम् रु० १०-०० Rs. 10-00
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

अर्वाचीनसंस्कृतम्

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अर्वाचीनसंस्कृतपरकं त्रैमासिकं पत्रम्)
षोडशवर्षे तृतीयोऽङ्कः

१५ जुलाई १९९४

प्रधानसम्पादकः
डा० रमाकान्त शुक्लः
एम०ए०, पीएच०डी०, साहित्याचार्यः
सांख्ययोगाचार्यः

पुस्तकालय
२३११९९

देववाणी-परिषद्, दिल्ली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

६ वाणी-विहारः, नयी दिल्ली-११००५९

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्वाचीनसंस्कृतम् (१६/३)

परामर्शदातृ-मण्डलम्

१. आचार्य डा० रमेशचन्द्र शुक्ल:
२. आचार्यश्रीश्रीनिवासरथ:
३. डा० कृष्णकान्तशुक्ल:
४. 'अभिराज' डा० राजेन्द्र मिश्र:
५. डा० उमाकान्तशुक्ल:
६. डा० विष्णुकान्त शुक्ल:

विषय-सूची

विषय:	लेखक:	पृष्ठ
१. सम्पादकीयम्		१
२. हजरतबलप्रकरणम्	प्रा० हरिश्चन्द्र रेणापुरकर:	३
३. वर्णभेदावसाद:	,, ,,	१२
४. धूमकेतो !	डा० रामकरण शर्मा	१५
५. रसिक ! त्वदर्थम्	मूलगीतकार: गंगाधर महाम्बरे	१६
(मराठीगीतस्य संस्कृतवृत्तानुवृत्तानुवाद:)	संस्कृतानुवादकवि: डा० पु० द० नवाथे	१७
६. मा भव मूढस्त्वं भव विज्ञ:	धीरेन्द्र कुमार झा	१८
७. भारते राजतां भारती सर्वदा	,, ,,	१९
८. पर्यावरणकौमुदी (समीक्षा)	डा० रमाकान्त शुक्ल:	२०
९. देववाणी-परिषद्वार्ता		२१
१०. संस्कृत-जगद्वार्ता		२१—२९
११. अस्यांकस्य लेखका:		३०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादकीयम्

